nandgaon times jan-15-02.qxd 1/14/2025 11:56 PM Page 1

नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ... पृष्ठ 2 | आयुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 15 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 80, पृष्ठ 94, मूल्य 3 रुपए

## छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य, जहां भांजे को माना जाता है भगवान का स्वरूप : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** प्रभु श्री राम छत्तीसगढ़ के कण-कण में बसे हुए हैं, जन-जन में बसे हुए हैं। भगवान श्रीराम हमारे भांचा राम हैं। पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है, जहां भांजे को भगवान स्वरूप में पूजते हैं, उनका चरण पखारते हैं। उन्हें दंडवत होकर प्रणाम करते हैं। हमारी सरकार की श्रीराम लला दर्शन योजना से राज्य के 20 हजार से अधिक लोग अयोध्या में भगवान श्रीराम का दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उक्त बाते कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम लोग तातापानी संक्रांति परब में हर साल यहां आते हैं। पिछले साल जब हम लोग यहां आए थे, तब इस पावन स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। परिणाम आप सबके सामने है, आज तस्वीर बहुत कुछ बदली-बदली सी नजर आ रही है। यहां विकास के काम तेजी से हुए हैं और लगातार हो ही रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। खासकर सरगुजा और बस्तर जिले में अनेक ऐसे सुंदर स्थान हैं, जो पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। ऐसे स्थलों को चिन्हित कर पर्यटन स्थलों का विकास तेजी से कराया जा रहा है। तातापानी भी ऐसी ही जगहों में से एक है। हम इन सभी दर्शनीय स्थलों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करेंगे। इससे रोजगार और आय के अवसर बढ़ेंगे। अभी हम लोगों ने 177 करोड़ रुपये के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया है। इनमें करीब 134 करोड़ रुपये की लागत के 140 कार्यों का भूमिपूजन और 43 करोड़ रुपये के 58 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा परिसर के निर्माण के लिए हम लोगों ने आज भूमिपूजन किया है, जिसके निर्माण से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बलरामपुर कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 300 बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। उन्होंने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए सभी के सुखमय गृहस्थ जीवन की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि तातापानी संक्रांति परब बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का गौरव है। तातापानी दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जहां गर्म-पानी के कुंड के रूप में प्रकृति की शक्ति को प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तातापानी संक्रांति परब का यह आयोजन समाज में एकता और सौहार्द का संदेश भी देता है। स महोत्सव में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ ही पतंगबाजी और आरागाही हवाई पट्टी पर पैरासेलिंग का आनंद भी आप लोग उठा पाएंगे। यहां किसान संगोष्ठी और पंच-सरपंच सम्मेलन भी होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है। इसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ा रहे है। पिछले एक साल में हमारी सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है। इस साल छत्तीसगढ़ में धान की



फसल अच्छी हुई है। 3100 रुपए क्विंटल के दाम से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी हो रही है। इस साल किसान भाइयों के घरों में रिकॉर्ड पैसा आने वाला है। अभी किसान भाइयों को धान के समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा है, शीघ्र ही उनके खातों में अंतर की राशि भी भेज दी जाएगी। हमारी सरकार राज्य के गरीब परिवारों को पांच साल तक नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर को हमने चार हजार रूपये से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी आवासहीन पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। हमने सरकार के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रदेश के आवासहीनों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना की घोषणा की है। उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ को 4 लाख नए आवास के लिए सहमति दी है।

## राजनांदगांव जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3: आरक्षण के बाद प्रबल दावेदार बने शुभम पांडेय (बंटी महाराज)

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 की सीट का आरक्षण घोषित होने के बाद इस सीट पर दावेदारी को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच, क्षेत्र में सबसे प्रबल दावेदार के रूप में उभर रहे हैं शुभम पांडेय (बंटी महाराज), जो अपनी मेहनत और संगठनात्मक क्षमताओं के चलते पार्टी में एक मजबूत पहचान बना चुके हैं।



शुभम पांडेय लंबे समय से पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। युवा कांग्रेस में उन्होंने फायर ब्रांड नेता के रूप में अपनी छवि स्थापित की है। जिला उपाध्यक्ष और जिला महासचिव जैसे पदों पर रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान की। इसके अलावा, डोंगरगढ़ विधानसभा के प्रभारी के रूप में भी उन्होंने अपनी कार्यक्षमता का परिचय दिया। क्षेत्र में शुभम पांडेय की सक्रियता और जनता के साथ उनका जुड़ाव उन्हें अन्य दावेदारों से अलग बनाता है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि शुभम पांडेय की लोकप्रियता और मेहनत को देखते हुए उन्हें इस बार पार्टी से प्रबल समर्थन मिल सकता है। गौरतलब है कि शुभम पांडेय सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कई जनहितकारी कार्यक्रम चलाए गए हैं, जिससे उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी नेतृत्व शुभम पांडेय के अनुभव और मेहनत को किस प्रकार से सम्मानित करता है। वहीं, क्षेत्र की जनता भी इस निर्णय पर अपनी निगाहें जमाए हुए है।

## भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में विष्णु लोधी शामिल हुए



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बिल्हरी में डोंगरगढ़ ब्लाक अंतर्गत चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम मे आज श्री विष्णु लोधी (पूरेना ),,सुक्रित दास साहू जी (अध्यक्ष शाला विकास समिति सुरगी ) गीतांजलि साहू व्याख्याता सुरगी, वंदना देवांगन, व्याख्याता, धर्मेंद्र साहू (प्राचार्य शा. उ. मा. शाला टोला गांव, एकता श्रीवास्तव, व्याख्याता हायर सेकेण्डरी स्कूल खुड़मुड़ी, ओम प्रकाश साहू, शालेय शिक्षक संघ राजनांदगाव के जिला अध्यक्ष डा विष्णु शर्मा और डोंगरगांव के शिक्षक श्री हरीश शर्मा, तामेश्वर पटेल, सुन्दर चतुर्वेदी, व्याख्याता हायर सेकेण्डरी स्कूल बेलरगोंदी जी, चंपा साहू (शिक्षक )जुरला, महेंद्र वैष्णव (पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगढ़ ), शामिल हुए। सभी अतिथियों ने भागवत भगवान से आशीर्वाद लिया और समस्त जिलेवासियो की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की.आयोजक समिति के सुशील नारायण शर्मा परिवार द्वाराबताया गया कि आज सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा और चढोतरी हुई. कल 15 जनवरी को सुबह 9 बजे से गीता, हवन, तुलसी वर्षा होंगी. इस अवसर पर अपार भगवत प्रेमी, धर्मप्रेमी लोग पहुंच कर कथा श्रवन का लाभ लिए। विदित हो कि ग्राम बिल्हरी में शर्मा परिवार और ग्रामवासियो के तरफ से स्व. रेवती बाई शर्मा, स्व. पंडित पीताम्बर दत्त शास्त्री और स्व. पंडित प्रेमशंकर चौबे की स्मृति में नौ दिवसीय श्री मद भागवत यज्ञ कराई जा रही है जिसमे प्रवचन कर्ता परम आदरणीय टिकमाचार्य जी के परम प्रिय शिष्य श्री श्री 108 श्री गोपेश शरण देवाचार्य ( सिल्हाटी ) जी कथा व्यास और कु मानसी (गोविन्द प्रिया जी )उप कथा व्यास के रूप में 10 से 12 और 2 से 6 बजे तक रोज भागवत प्रवचन किया जा रहा है। इ

स अवसर पर प्रकाश प्रसाद शर्मा, रानी शर्मा (भुत पूर्व जनपद सदस्य डोंगरगढ़ )लाल जी शर्मा, अंजू चौबे, सुशील,शर्मा, सीमा शर्मा, सुनील शर्मा, अनील शर्मा, सिम्मी शर्मा, अन्नपूर्णा दुबे, अश्वनी दुबे, संध्या पाण्डेय,विपिन चौबे, प्रीति चौबे विनीता शर्मा, प्रणेश शर्मा अविनाश दुबे, आयुष शर्मा, नंद कुमार तिवारी, रवि प्रकाश मिश्रा, पोषण शर्मा, साक्षी शर्मा, आभा, निधि, प्रवया, सीपर राम लोधी, उषा सिन्हा (जनपद सदस्य डोंगरगढ़ )कविता जंघेल (जनपद सदस्य छुईखदान ) अनिल देवांगन शिक्षक छुईखदान भागवत वर्मा (सेम्हरा ) पारस वर्मा (सरपंच खुर्सीपार,सेवक साहू (खुर्सीपार ) भोंदू वर्मा (पूरेना ) देवसिंग सिन्हा (खैरा ) कमलेश शर्मा (रेंगाकठेरा ) रोहित वर्मा (सेम्हरा )सूरज कौशल, देवकरण सिन्हा, संजय सिन्हा ठाकुर राम



सिन्हा, धनिराम साहू, भागवत सेन, और नूतन आदि आसपास के 8,10 गांव के भागवत प्रेमी लोग पहुंच रहे है।सुशील नारायण शर्मा ने बताया कि यह भागवत कथा 15 जनवरी तक चलेगी। आयोजन कर्ता पंडित प्रकाश प्रशाद शर्मा और रानी शर्मा और समस्त बिल्हरी ग्रामवासियो ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है। 15जनवरी को गीता हवन तुलसी वर्षा और समापन होगा।

## राज्य सरकार एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का आभार - राजेश गुप्ता चंपू

### जाति प्रमाणपत्र खत्म करने राजेश गुप्ता चंपू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह को सौंपा था ज्ञापन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड नं.41 के पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि इन दिनों केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में बे-घर, बे-सहारा लोगों को स्वयं के आवास देने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा आवेदकों से आवेदन पत्र आनलाईन एवं आफलाईन के माध्यम से लिया जा रहा है। पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता चंपू एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना मोर जमीन मोर मकान में 2.0 में जटिल प्रक्रिया यह थी कि आवेदकों से प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म भरने व जमा करने वाले लोगों से जाति प्रमाण पत्र की मांग की जा रही थी जिसके चलते बहुत से जरुरतमंद लोग इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित हो रहे थे। पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कहा कि जनहित के इस जटिल प्रक्रिया को खत्म करने उन्होंने ने विगत दिनों विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ.रमन सिंह जी के बसंतपुर स्थित मंडी माल में द साबरमती द स्टोरी चलचित्र देखकर बहार निकलते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह जी को प्रधानमंत्री आवास योजना में *जाति प्रमाणपत्र की अनिवार्यता से हो रही कठिनाइयों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था । पूर्व पार्षद चंपू ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2 0 जाति प्रमाणपत्र की अनिवार्यता को खत्म करने के लिए संवेदनशील पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह जी के प्रति एवं राज्य सरकार -नगरीय निकाय प्रशासन मंत्री का आभार जताया है साथ ही उन्होंने कहा कि घटक के तहत 18000 हजार वे लोग जो पूर्व से प्रधानमंत्री आवास योजना मोर जमीन मोर मकान के लिए नगर निगम प्रशासन के पास आवेदन पत्र की प्रक्रियाएं पूर्ण की है उन आवेदन पत्र को (डीपीआर) मान्य करते हुए उन्हें प्राथमिकता देने की मांग की है।

## स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय



राजनांदगांव में संस्था के प्राचार्या डॉ के एल दामले के मार्गदर्शन व स्वीप नोडल अधिकारी जिला राजनांदगांव प्रो करुणा रावटे की उपस्थिति में पोस्टर प्रतियोगिता एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो सविता चंद्रवशी रसायन शास्त्र विभाग से प्रो वंदना मिश्रा व प्राणिशास्त्र विभाग से प्रो चिरंजीव पांडे उपस्थित रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इशरत नाज अंसारी कक्षा एम एस सी चतुर्थ सेमेस्टर(बायोटेक्नोलॉजी), द्वितीय स्थान शेयांशु देवांगन बी एस सी पंचम सेमेस्टर(बायो) तथा तृतीय स्थान काजल झा (गणित) को प्राप्त हुआ। इन तीनों प्रतिभागियों के पोस्टर अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता 14 जनवरी 2025 के लिए भेजे जाएंगे। कार्यक्रम में दिग्विजय महाविद्यालय के स्वीप कैंपस एंबेसडर शिवम यादव और टिकेश्वरी देवांगन के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वयं सेविकाएं छाया साहू और अन्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

## खेल का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता नहीं, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है नीलू शर्मा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव के कमला कॉलेज ग्राउंड में स्व. श्री ताराचंद जी सिंगी जी की स्मृति में आयोजित लायंस प्रीमियर लीग रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता पूरे जोश और उत्साह के साथ चल रही है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में विभिन्न समाज की टीमों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई है, जो खेल के माध्यम से सामूहिकता और आपसी सहयोग का संदेश दे रही हैं। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री नीलू शर्मा जी ने शिरकत की और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा, खेल हमारे समाज के युवा वर्ग




को अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क का महत्वपूर्ण संदेश देता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम हैं, बल्कि समाज को एकजुट करने का प्रयास भी करती हैं। स्व. श्री ताराचंद जी सिंगी जी की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट समाज को प्रेरित करता है कि खेल के माध्यम से एक सकारात्मक और समृद्ध वातावरण तैयार किया जा सकता है। प्रतियोगिता में शामिल टीमों ने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया है। हर मैच में खिलाड़ियों का समर्पण और खेल भावना देखने को मिल रही है। आयोजन के रात्रिकालीन माहौल ने खेल प्रेमियों के लिए इसे और भी रोमांचक बना दिया है। नीलू शर्मा जी ने आयोजकों और सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को स्वस्थ और सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने समाज के सभी नागरिकों से इस आयोजन को प्रोत्साहित करने की अपील की और उम्मीद जताई कि यह प्रतियोगिता खेल भावना और सामाजिक एकता का प्रतीकबनेगी।

## श्री राम वंदना ,श्री हनुमान चालीसा ,एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** शिवनाथ कॉलोनी राजनांदगांव मे श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगाँठ पर दिनांक 11/01/2025 दिन शनिवार को श्री राम वंदना ,श्री हनुमान चालीसा ,एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे कॉलोनी के महिला पुरुष बच्चे और और अनेक रामभक्तो ने उक्त कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया ।इस कार्यक्रम का आयोजन शिवनाथ कॉलोनी के संस्कारी महिला मंडल के तत्वाधान मे आयोजित किया गया ।



## पंचायत चुनाव के पहले सत्तासीन सरपंचो की स्थिती आचार संहिता लगने के पहले ही नरक बना रहे अधिकारी कर्मचारी

### पंचायत व स्कूल मरम्मत जैसे कई निर्माण कार्यों का राशि अब तक अप्राप्त, जनपद पंचायत छुरिया के करोड़ों के निर्माण कार्यों का मूल्यांकन सत्यापन बाकी

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायतीराज निर्वाचन के पहले गांव के सरपंचगण डूबे कर्ज में सरपंच संघ पकड़ने वाले है आंदोलन की राह यह आंदोलन होगा आर या पार की लडाई। सरपंच संघ के अध्यक्ष ने बताया जनपद सीईओ को बार बार बताने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं। जनपद पंचायत छुरिया के 118 ग्राम पंचायत के सरपंचगण ग्राम विकास की ओर अपने आप को न्यौछावर कर दिए है किंतु अधिकारी कर्मचारियों के मनमानी के चलते सभी सरपंचों को कर्ज में डूबना पड़ रहा है। आज ग्राम पंचायतों के मरम्मत में खुर्शीटिकुल, आय बांधा,लाममेटा,बननवागांव का कार्य पूर्ण होने के 1 साल बाद भी आज पर्यंत तक राशि ग्राम पंचायतों को अप्राप्त है। साथ ही शैक्षणिक स्थानों जैसे स्कूल मरम्मत कार्य का भी राशि के लिए सरपंचगण भुगत रहे है। कई ऐसे कार्य है जिनका जनपद के तकनीकी सहायक के साथ साथ सबइंजीनियर के मूल्यांकन और ह्यस्त्रश के सत्यापन नहीं होने तथा जनपद के बाबुओं के बहाने के चलते करोड़ों का राशि भुगतान नहीं हो पाया है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत के इन पंचायतों में मरम्मत कार्य किए साल भर बीत जाने के बाद भी व कार्य पूर्ण होने के बाद भी राशि रुका है। बनवागांव 58000, खुर्शीटिकुल




137000, लाममेटा 58000, आय बांधा 219000, के कर्ज से जुझ रहे **इन सभी पंचायतों के सरपंच परेशान।**

वहीं बताया गया कि जिला कलेक्टर , जिला पंचायत सीईओ के साथ साथ सभी कार्यालयों में चक्कर काटने के बाद भी कर्ज का बोझ झेल रहे है। वहीं जिसके चलते सरपंचगण अपने घर परिवार से मांगकर या अन्य व्यवस्था बनाकर वेंडरों को उनके भुगतान की राशि दे रहे है। और ब्याज के साथ अन्य राशि के कर्ज में डूब रहे है। इस संबंध में जनपद सीईओ को सरपंच संघ के द्वारा 1 माह पहले पत्र के माध्यम से जानकारी दिया गया। किंतु सीईओ के द्वारा अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई जिसके चलते सरपंचों की समस्या का समाधान नहीं हुआ। सरपंच संघ द्वारा ऐसी परिस्थिति में बहुत कड़ा फैसला पहले भी ले चुकी है। जिसके चलते अब संघ बहुत जल्द ऐसा कड़ा फैसला ले सकती है जिससे शासन प्रशासन को परेशानी हो सकती है। आप को ज्ञात होगा पुर्व मे भी ढाई साल तक सरपंचो का मनरेगा का भुगतान अटका हुआ था जिसके कारण सरपंच परिवार सहित आमरण अनशन मे बैठे थे अब वही समय वापस जनपद पंचायत छुरिया मे दोहराया जा सकता है। सरपंच संघ अध्यक्ष ने आगे बताया इस बार की लडाई आर या पार की होगी क्योकि शासन और प्रशासन पंचायतीराज को लेकर चिर निद्रा मे है जिसको जगाना छुरिया सरपंच संघ को बहुत अच्छे से आता है।

nandgaon times jan-15-02.qxd 1/14/2025 11:56 PM Page 2



## डिलापहरी मंडई 16 जनवरी को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम डिलापहरी में मंडई 16 जनवरी दिन गुरुवार को समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में रखा गया है। मंडई के उपलक्ष्य में रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम शिव भोला नाच पार्टी ग्राम ठाकुरटोला (कोलेन्द्रा) राजनांदगांव वाले का रखा गया है। ग्रामवासियों ने मंडई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। ऊत जानकारी टिकेश कुमार साहू, नरेश वर्मा व घनश्याम पाटल ने दी है।

## कांग्रेस का हर कार्यकर्ता नगरी निकाय चुनाव जितने पूरी ताकत झोंक दें - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के



अध्यक्ष भागवत साहू ने गत दिवस डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद, डोंगरगांव, छुरिया और लाल बहादुर नगर पंचायत में की बैठक लेकर नगरी निकाय आम चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में जोश भरा गया। श्री साहू ने आगे कहा कि अध्यक्ष और पार्षद के उम्मीदवार पार्टी का चाहे जो भी नामधारी हो उन्हें पार्टी का प्रतिनिधि जानते समझते हुए एकजुट से भारी बहुमत से जितना है। मन भेद जैसे अंतर कलह जैसी स्थिति पराजय का कारण बनती है। इसलिए एकजुट से भारी बहुमत से पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलानी है। इतना ही नहीं आम जनता को केंद्र व राज्य में भाजपा कि गलत रीति नीति के खिलाफ जागरूकता लाना है और उन्हें अपने पक्ष में करना है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को सिपाही की तरह समझते हुए। इस चुनावी युद्ध में जीत के संकल्प के साथ तन मन धन से और दिन रात एक करते हुए भीड़ जाना है। उनके संबोधन से पार्टी का हर एक कार्यक्रम करता हर एक कार्यकर्ता और ऊर्जान्वित हुए बिना नहीं रहा। बैठक शुरू से समाप्ति में मुख्य रूप से पर्वेक्षक व ब्लाक अध्यक्ष में नगर पालिक निगम डोंगरगढ़ से श्री किशन खंडेलवाल, विजय राज सिंह, नगर पंचायत छुरिया विरेन्द्र कुमार बोरकर, रितेश जैन, राजकुमार सिन्हा कार्य, अध्यक्ष नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंजुम अलवी, हीरा सोनी, नगर पंचायत डोंगरगाँव विवेक वासनिक, चेतन दास साहू सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**शुभांक**

**1-7-9**

**138-2 279-8**

**भाग्यांक**

**355-3 570-2**

**राकेश कुमार ठाकुर**
**अधिवक्ता**

**पता**- दिग्विजय स्टेडियम दुकान परिसर हनुमान मंदिर के सामने राजनांदगाँव छ0ग0
मो. नं. 9300492489

**-:: पंजीयत नोटिस ए./डी. ::-**

**वास्ते:**- रवि पी. सोमाया आ0 प्रवीण सोमाया आयु लगभग 42 वर्ष, पेशा व्यवसायी निवासी:- जसवंश अपार्टमेण्ट फ्लैट नंबर 303 बल्देव बाग राजनांदगाँव छ0ग0

**प्रति,**
प्रकाशचन्द गुप्ता आ. छेदीलाल गुप्ता आयु लगभग 65 वर्ष
निवासी:- इन्दिरा नगर राजनांदगाँव
तहसील व जिला- राजनांदगाँव छ0ग0

मेरे उपरोक्त बतलाये गये पक्षकार के निदंशानुसार आपको निम्नलिखित नोटिस प्रेषित की जा रही है:-

1. यह कि, मेरे पक्षकार एवं आपका नाम व पता उपरोक्त शीर्ष मे दर्शाये अनुसार है।

2. यह कि, आपका पूर्व मे गुरुद्वारा चौक मे तेल एवं इलेक्ट्रॉनिक का दुकान था। जहां से मेरा पक्षकार समान लेता था उक्त कारण से दोनों के मध्य जान पहचान है एवं मधुर संबध है। मेरा पक्षकार बीडी पत्ते का थोक व्यापारी है तथा आयकरदाता है।

3. यह कि, आपके द्वारा मेरे पक्षकार से अपने आवश्यक आवश्यकता हेतु 2,00,000 रूपये (अक्षरे - दो लाख रूपये) काम चलाउ ऋण की मांग की गई। मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त मधुर संबंध को देखते हुए उक्त राशि दिनांक 10/04/2024 को आपको नगद 2,00,000 रूपये (अक्षरे दो लाख रूपये) काम चलाउ ऋण दिया गया। जिसे आपके द्वारा प्राप्त किया गया। आपके द्वारा मेरे पक्षकार को यह आश्वासन दिया गया था कि, उक्त काम चलाउ ऋण की राशि की अदायगी मेरे द्वारा 6 माह के अंदर कर दिया जावेगा। जिस पर मेरा पक्षकार सहमत हो गया।

4. यह कि, 6 माह की अवधि पूर्ण हो जाने के बाद मेरे पक्षकार के द्वारा आपसे उक्त काम चलाउ ऋण की मांग की गई। किन्तु आपके द्वारा मेरे पक्षकार को उक्त काम चलाउ ऋण की अदायगी करने के लिए हिला हलावा किया गया। मेरे पक्षकार के बार बार आपसे व्यक्तिगत एवं मोबाईल फोन द्वारा सम्पर्क करने पर आपके द्वारा दिनांक 11/11/2024 को 2,00,000 रूपये (अक्षरे दो लाख रूपये) का अपने बैंक ऑफइंडिया के खाता कमांक 93031010013051 का चैक कमांक 077607 मेरे पक्षकार को दिया गया। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा अपने केनरा बैंक मे आहरण हेतु जमा करने से पूर्व आपकी सहमति ली गई। जिस पर आपके द्वारा सहमति दी गई।

5. यह कि, मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 11/11/2024 को अपने केनरा बैंक के खाता कमांक 78651010000979 शाखा राजनांदगाँव मे उक्त चैक को आहरण हेतु जमा किया गया। मेरे पक्षकार को केनरा बैंक द्वारा दिनांक 12/11/2024 उक्त चैक अनाद्ररण की सूचना देते हुए बिना भुगतान के वापस लौटा दिया गया। बैंक द्वारा रिर्टन मैमो दिया गया जिसमे चैक अनाद्ररण का कारण Account blocked situation covered in 2125 बताया गया। जिसकी सूचना मेरे पक्षकार के द्वारा आपको मोबाईल फोन द्वारा दिया गया।

6. यह कि, मेरे पक्षकार के द्वारा आपको चैक अनाद्ररण की सूचना देने के बाद भी आपके द्वारा राशि अदायगी संबंधी कोई आश्वासन मेरे पक्षकार को नही दिया गया। आपका उक्त कृत्य धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।

7. यह कि, आपके द्वारा दिये चैक के अनाद्ररण की सूचना अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 18/11/2024 को दिया गया जो घर Left होने का कारण बताकर बंद लिफाफा वापस मेरे पक्षकार के अधिवक्ता के पास आ गया। जिसके बाद दिनांक 07/12/2024 को उक्त नोटिस को पेपर मे प्रकाशन कराया गया। जिसको देखकर आपके द्वारा मेरे पक्षकार से सम्पर्क कर उक्त राशि की अदायगी हेतु कुछ दिनों के समय की मांग की गई तथा राशि अदायगी का आश्वासन दिया गया और उक्त चैक को दिनांक 06/01/2025 को आहरण हेतु जमा करने का निवेदन किया गया और चैक बांउस संबंधित न्यायालयीन कार्यवाही न करने का निवेदन किया गया। मेरे पक्षकार द्वारा आपके साथ अपने पूर्व मधुर संबंध को देखते हुए उक्त बात पर सहमत हो गया।

8. यह कि, मेरे पक्षकार द्वारा आपके बताये गये दिनांक 06/01/2025 को मेरे द्वारा उक्त चैक का पुन: अपने केनरा बैंक में जमा किया गया। दिनांक 07/01/2025 को मेरे पक्षकार के बैंक द्वारा ज्ञापन सहित उक्त चैक अनाद्ररण की सूचना दी गई तथा पुन: चैक अनाद्ररण का कारण Account blocked situation covered in 2125 बताया गया। जिसकी सूचना मेरे पक्षकार के द्वारा आपको मोबाईल फोन द्वारा दिया गया।

9. यह कि, आप पर मेरे पक्षकार द्वारा विश्वास कर चैक बाउंस की अग्रिम कार्यवाही नही की गई, किन्तु आपके द्वारा अपने द्वारा दिये गये आश्वासन का पालन नही किया गया। जिससे मरे पक्षकार को मानसिक एवं आर्थिक हानि हुई हैं। जिसके लिए आप पूर्ण रूपेण जवाबदार है।

10. यह कि, आपके द्वारा किये गये कृत्य से मेरे पक्षकार को मानसिक एवं आर्थिक नुकसानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए आप पूर्ण रूपेण जिम्मेदार है। आपका उक्त कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) एवं पराकम्य लिखत अधिनियम 1881 के अन्तर्गत धारा 138 के तहत् अपराध है।

अतएव इस नोटिस के माध्यम से आपको शक्त ताकिद दी जाती है कि नोटिस प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर मेरे पक्षकार से सम्पर्क कर उक्त चैक की राशि 2,00,000 रूपये की आदयगी मेरे पक्षकार को चैक द्वारा कर देवे। अन्यथा मे मेरे पक्षकार के द्वारा आपके विरुद्ध उचित न्यायालयीन कार्यवाही पराकम्य लिखत अधिनियम 1881 अन्तर्गत धारा 138 के तहत् आपके विरूद्ध न्यायालय मे परिवाद प्रस्तुत की जावेगी। जिसके सम्पूर्ण हर्जे एवं खर्चे के लिए आप पूर्ण रूपेण जिम्मेदार होंगे।

इस नोटिस का व्यय 5000 रूपये आपकी ओर से देय होगा।

**स्थान:- राजनांदगाँव**
**दिनांक: 10/01/2024** **अधिवक्ता वास्ते नोटिसदाता**

# नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आनंद मेला

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 8 जनवरी बुधवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान में आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता ली। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न व्यंजनों एवं खेल-मनोरंजन के कुल 16 स्टाल लगाये गये। बी.कॉम फायनल से साक्षी एवं साथी द्वारा गुपचुप, भेल, पीजीडीसीए से डुमेश्वर सिन्हा द्वारा आईसक्रीम, एम.ए. अंग्रेजी प्रथम सेमे. से धरम सिन्हा द्वारा आईसक्रीम व पेस्ट्री, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर से आयरिना जॉन द्वारा चायनिस पकोड़ा, बीएससी भाग तीन से दिव्या एवं साथी द्वारा भजिया एवं चाय, बी.ए भाग दो से कहकसा एवं साथी द्वारा हरियाली टिक्का, एम.ए. भूगोल तृतीय सेमेस्टर से माधुरी व साथी द्वारा उड़द बड़ा, एन.एस.एस. से अनंत सिन्हा व साथी द्वारा स्प्राउट्स, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर इतिहास से राकेश पटेल द्वारा फ्रुट सलाद, एम.ए. राजनीति विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर से मोमिन साहू एवं साथी द्वारा ब्रेड पकोड़ा, एम.एस.सी. बॉटनी से झामेश्वर व



साथी द्वारा भेल एवं पपडी चाट, बीएससी भाग दो बायो से निखिल एवं साथी द्वारा नो आयॅल-नो बायॅल, एम.एस.सी. रसायनशास्त्र प्रथम सेमे. से अमन कुमार एवं साथी द्वारा मोमोस, योगा विभाग द्वारा खोमेश्वरी एवं साथी द्वारा गेम्स, अर्थशास्त्र विभाग से कुमेश साहू एवं प्रिया महोबिया द्वारा पावभाजी व मुंगोड़ी का स्टाल लगाया गया था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. श्रीमती आशा चौधरी सहित निर्णायक समिति के सदस्यों के द्वारा प्रत्येक स्टाल का निरीक्षण किया गया एवं प्रत्येक स्टाल में विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये व्यंजनों की सराहना की। विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये व्यंजनों के स्टाल, स्वाद, स्वच्छता एवं मूल्य का अवलोकन कर इतिहास विभाग से राकेश पटेल के फ्रुट सलाद को प्रथम, बी.एस.सी. भाग दो से नो आयॅल-नो बायॅल को द्वितीय एवं बी.कॉम. फायनल से कु. साक्षी एवं साथी के द्वारा लगाये गये गुपचुप भेल, अप्पे, चिला के स्टाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ.एम.एल. नंदेश्वर, नितेश तिरपुड़े, जी.के. यादव, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, श्रीमती सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, एच आर पदमे, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, बेद्रप्रकाश साहू, कर्मचारीगण नितिन शांडिल्य, संजय तिवारी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, सुशील सोनवानी, चित्रा खोब्रागढ़े, शैलेन्द्र यादव, अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपुत, नीलम सिन्हा, डॉ. सपना परिहार, अंजॅसि, गौरव तिवारी, रोशन साहू, निर्वेद कुमार शर्मा, श्रीमती देवश्री देवांगन, डॉ. गोकुल प्रसाद, ऋचा अग्रवाल, श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती, पूर्वेश बांधव, श्रीमती मीनाक्षी साहू, मंजू धनकर, टेकराम वर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री शंकेश्वर कंवर राजनांदगांव वृत्त के नये अधीक्षण अभियंता कार्यपालक निदेशक सेलट ने दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव सर्किल में नये अधीक्षण अभियंता का पदभार श्री शंकेश्वर कंवर ने आज संभाला। पॉवर मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार अधीक्षण अभियंता महासमुंद वृत श्री कंवर का पदस्थापना राजनांदगांव वृत्त में हुआ। तत्पश्चात प्रभारी अधीक्षण अभियंता श्री के0सी0 खोटे अधीक्षण अभियंता कार्या0 कार्यपालक निदेशक (राज0क्षेत्र) ने उन्हे पदभार सौंपा। नये अधीक्षण अभियंता बनाये जाने पर उन्हें राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर राजनांदगाव



सर्किल के नये अधीक्षण अभियंता श्री शंकेश्वर कंवर ने कहा कि विद्युत कंपनी के सेवाकाल में स्थानांतरण एक स्वभाविक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया के तहत मिले नये दायित्वों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए कंपनी के हित को सर्वोपरि रखना है। उन्होने कहा कि नये स्थानों पर नये जिम्मेदारियों के लिए सदैव तैयार रहकर कंपनी एवं उपभोक्ता के हित में काम करते हुए अपने पदों के साथ न्याय करने पर ही संतुष्टि मिलेगी। राजनांदगांव वृत के अन्तर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, जिलें में सतत् विद्युत आपूर्ति सहित उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगें। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी नये अधीक्षण अभियंता श्री कंवर के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया तथा उनके नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता सुश्री गीता ठाकुर, श्री आर0के0 गोस्वामी, श्री पी.सी. साहू, श्री ए.के.द्विवेदी, श्री ए.के. रामटेके, पीआरओ डी.एस. मंडावी सहायक अभियंता श्री हेमराज साहू, श्री आर.के. राय, श्रीमती उषा साहू, श्रीमती शेष कुमारी साहू, अनुभाग अधिकारी श्री पी.आर. साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## अखिल भारतीय हल्बा समाज अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ डोंगरगाँव का वार्षिक मिलन समारोह 19 को

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय हल्बा समाज अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ डोंगरगाँव का वार्षिक मिलन समारोह हल्बा सामाजिक भवन मटिया (डोंगरगाँव) में आगामी 19 जनवरी 2025 को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मटिया और डोंगरगाँव में निवासरत अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के सभी बन्धु उपस्थित रहेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता श्री छगन आर्य सोनकर राम प्रधान, मैनूराम गाँवरे, शारदा प्रसाद भुआर्य, सुरेश रावटे, दुलार सिंह, रामअवतार मानकर राम रावटे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगाँव विधान सभा क्षेत्र के डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सीआर घरेन्द्र अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ डोंगरगांव करेंगे । विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री. के.आरु चिन्दे प्राचार्य, रतिराम राणा प्राचार्य, श्रीमती देवन्तीन आर्य जी पूर्व प्राचार्य, श्री डी0 एल. ठाकुर जी प्राचार्य, विरेन्द्र मसिया जिलाध्यक्ष हल्बा समाज राजनांदगाँव, भीषम उर्वशाजी ब्लाक अध्यक्ष डोंगरगांव, एवं नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे । सामाजिक कार्यकर्ता छगन आर्य ने आगे बताया कि यह आयोजन बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियाँ लगभग पूर्ण कर ली गई है। समाज के सभी लोग इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित है। सुबह के सत्र में चाय नाश्ता के पश्चात हल्बा समाज की आराध्यदेवी माँ दन्तेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। स्वागत सम्मान के बाद बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी।

## रामायण के प्रत्येक पात्र का जीवन चरित्र अनुकरणीय : राजकुमारी सिन्हा



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गैंदाटोला एवं केशल में समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामचरित मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकुमारी सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरितमानस को अपने जीवन में धारण करने वाला व्यक्ति का दुख भगवान श्री रामचंद्र जी हर लेते हैं। रामायण के प्रत्येक पात्र का जीवन चरित्र अनुकरणीय है। ऐसे आयोजन होने से गांव में परस्पर एकता, आपसी तालमेल भाईचारा एवं भक्तिपूर्ण वातावरण निर्मित होता है । ऐसे आयोजन के लिए आयोजक समिति एवं ग्राम वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रकाश शर्मा , भीकम , खलील कुरैशी, पूर्व प्राधिकरण सदस्य मनोज सिन्हा ,राजिल कुरैशी , नरेंद्र मानिकपुरी एवं त्रिलोचन साहू ,अंजोरी चंद्रवंशी , रामकृष्ण चंद्रवंशी ,ग्राम पटेल कमलकांत, घनश्याम साहू , नारायण साहू , विजय कुमार धुर्वे, भुवन साहू , हुकुम साहू , कोदू राम साहु ,मंच संचालक जामवंत साहू , रामकृष्ण चंद्रवंशी,कीर्तन धावड़े, भागचंद साहू , चिंता राम भुआर्या , नारायण सिरसाटी जी ग्रामीण अध्यक्ष, सुनउ राम कोटेलकर एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे ।

## अभिनंदन गैलेक्सी के बाजू अवैध प्लाटिंग करने वाले माफियाओं के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करवाएं आयुक्त - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल एक पत्र के माध्यम् से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं संचालक छ.ग. नगरीय प्रशासन विभाग एवं जिले के कलेक्टर/प्रशासक नगर निगम एवं निगम आयुक्त से अनुरोध है कि जिस तरह से अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी विकास की अनुमति जो इन्दिरा नगर वार्ड में 5 वर्ष पहले दी गई है और उसकी आड़ में उस क्षेत्र के आजू बाजू जो लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफिय्राओं का जो तांडव भाजपा सरकार की आँख के नीचे और नगर निगम के भवन अधिकारी श्री यू के रामटेके और भवन विभाग के पटवारियों की मिली भगत के चलते नोटिसो की आड़ में जो शासन को करोड़ों रूपयों की वित्तीय हानि पहुंचाई जा रही है ? और अवैध प्लाटिंग को नियमितिकरण करने का जो खेल भवन अधिकारी श्री यू के रामटेके के संरक्षण में जो अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफिय्राओं का जो साहस बढ़ रहा है उससे नगर निगम की छबि आम जनता के सामने पूरी तरह खराब हो रही है और अब जब छत्तीसगढ़ शासन के



द्वारा पूरे प्रदेश में महापौर के अधिकारो को निरस्त करते हुए प्रशासक के रूप में जिले के कलेक्टर को नियुक्त कर दिया गया है तो अब नेताओं की दुकानदारी तो बंद हो चुकी है इसलिए जिले के कलेक्टर एवं निगम के प्रशासक श्री संजय अग्रवाल से अनुरोध है कि निगम आयुक्त को इस अवैध प्लॉटिंग के मामले में तत्काल 7 दिवस के अंदर जाँच करवाकर कार्यवाही करने एवं शासन के नियमानुसार अवैध प्लॉटिंग करने वाले भूमाफिय्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाए और उनके कालोनाइजर लाइसेंस को निरस्त किया जाए एवं इस मामले में निगम के जो भी अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत है उसका भी खुलासा किया जाए और यदि 7 दिवस के अंदर आपके द्वारा कोई कार्यवाही नही होती दिखी तो मुझे जनहित में इस मामले को लेकर मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को पत्र लिखने मजबूर होना पड़ेगा कि भाजपा की सरकार डबल इंजन की आने के बाद जिस तरह से भूमाफिय्रा निगम के अधिकारियों की कोई परवाह नही करते हुए पैसों के दम पर जो खेल कर रहे हैं?

## महिला सशक्तिकरण संघ जिला राजनांदगांव द्वारा भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले जयंती ग्राम-करेठी में मनायी गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महिला सशक्तिकरण संघ जिला राजनांदगांव द्वारा से 01 जनवरी



शौर्य दिवस 03 जनवरी सामाजिक क्रांति की महानायिका प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले जयंती एवं पौष पूर्णिमा ग्राम करेठी में मनायी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा महापुरूषो के तैल चित्रो के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। पौष पूर्णिमा के अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा खीर वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण संघ जिला राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, दल्ली राजहरा के सदस्य उपस्थित हुए। महिला सशक्तिकरण संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध जी ने कहा 01 जनवरी 1818 भीमा कोरेगाँव शौर्य दिवस पर प्रकाश डाला। शुरवीर अपने पूर्वजो जिन्होंने अपने ऊपर किये गये अन्याय एवं अत्याचार का बदला लेने के लिये रसद व अस्त्र शस्त्र की कमी के बावजुद 500 सैनिकों ने पेशवा की सेना 28,000 को परास्त कर अपने पूर्वजों के अपमान का बदला लिया और हमें नरकीय जीवन से मुक्ति दिलायी। बाबा साहेब आम्बेडकर ने प्रत्येक महिला के लिए संविधान में अधिकार दिये जिसके कारण आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने आपको प्रतिस्थापित कर सकी। अतिथि श्रीमति नंदा मेश्राम जी, श्रीमति नीता रामटेके, दिलीप मेश्राम, ओमप्रकाश बोरकर, चमन लाल कांडे, पुरषोत्तम मोटघरे जी ने कहा कि माता सावित्री बाई फूले का जन्म 03 जनवरी 1831 नायगाँव महाराष्ट्र में हुआ था। वह बचपन से ही बहुत ही बहादुर थी उनका 9 वर्ष की आयु में ज्योतिबा फूले से 1840 में विवाह हो गया। उन्हें शिक्षा, संपत्ति आत्म सम्मान से वंचित किया गया। स्त्रियों की दशा और भी खराब थी धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास, रूढ़िवाद, अपृश्यता बहु विवाह, बाल विवाह, अनमेल विवाह महिलाओं और शुद्रो के शारीरिक और मानसिक शोषण होता था ।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पवन कुमार पिता रामगोपाल सोनी (48) निवासी वार्ड नंबर 37, बांसपाई पारा, राजनांदगांव का रहने वाला हूं। मैने अब अपना नाम बदलकर पवन सोनी पिता रामगोपाल सोनी कर लिया हूं। निवास पूर्ववत ही है । मुझे आज से पवन सोनी के नाम से ही जाना और पहचाना जाए । मेरे सभी दस्तावेज / शालेय अंक सूची में भी इसी नाम से से अंकित है। सरकारी तथा गैर सरकारी कामकाज में भी मुझे पवन सोनी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए ।

**भवदीय**
**पवन सोनी**
**वार्ड 37, बांसपाई पारा**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**
राजस्व मामला क्रमांक 202501093700016
अ -6 वर्ष 2024-25

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार सोनी आ. श्यामसुंदर सोनी, निवासी ब्राम्हण पारा, वार्ड नं. 37. तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला ब्राम्हणपारा स्थित शीट क्रमांक 49 ए, भूखण्ड क्रमांक 9/2, क्षेत्रफल 40.00 वर्गमीटर जो धारक पुष्पाबाई ध.प. श्यामकुंवर सोनी. निवासी ब्राम्हणपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर दान-पत्र के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 29.01.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**सील** **नजूल अधिकारी नजूल जाँच, राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**
ईश्तहार:-

रा.प्र.क 202501092300007
अ/74-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मानिक पिता खोरबाहरा जाति तेली निवासी ग्रान पारागावखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पारागांवखुर्द पटवारी हल्का नं0 15 में स्थित कृषि भूमि खसरा 276/1 रकबा 0.218 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में वर्ष 2020 में दर्ज था। किन्तु उक्त भूमि वर्तमान अभिलेख आन लाईन में विलुप्त हो गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि वर्तमान अभिलेख आन लाईन में विलुप्त हो जाने के कारण आवेदक को कृषि कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि वर्तमान अभिलेख आन लाइन में दर्ज करने बाबत् आवेदन पत्र, नक्शा, खसरा, बी-1 की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 27.01.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाक 07.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की गुहर से जारी किया गया !

**सील** **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202501093400001**
विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
हुस्फ्
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार विकास राय.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास राय पिता प्रभुनाथ राय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र वेद राय पिता विकास राय का जन्म दिनांक 13.10.2021 को ग्राम आदर्श नगर वार्ड नम्बर 20 डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निधर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/01/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** **अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़**

## ज्ञान मंथन

*1) भारत के किस राज्य में आदि पेरूक्कु मानसून महोत्सव मनाया जाता है जिसमें देवी पार्वती की पूजा भी शामिल है?*
*2) दरूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता यह दुनिया मे पुरुषों के लिए सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता किस राज्य में मनाया जाता है?*
*3) दिल्ली में स्थित जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?*
*4) ओडिशा के संबलपुर में समलेई मंदिर परियोजना का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया?*
*5) भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हाल ही मे कौन बनीं हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) तमिलनाडु (2) गोवा (3) जयपुर के राजा सवाई जयसिंह (4) नवीन पटनायक (5) प्रीति रजक

# आयुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक, आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण पर दिये जोर

## नाली के उपर बने प्लेटफाम तोड करे सफाई, संबंधित को दे समझाईस, अपालन पर जारी करे नोटिस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज स्वास्थ्य विभाग के वार्ड प्रभारी व सफाई दरोगा की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार करने के निर्देश देते हुये कहा कि कुछ वार्डो में सफाई व्यवस्था अच्छी है, लेकिन कुछ वार्डो में सफाई में सुधार की आवश्यकता है।



आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी माह में संभावित स्थानीय निर्वाचन तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करना है। उन्होंने कहा कि सफाई निरीक्षण के दौरान नया बस स्टैण्ड में सफाई खराब पाई गई, जो कि घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। क्योकि रेल्वे स्टेशन व बस स्टैण्ड शहर का प्रमुख भाग होता है, जहॉ से लोगों के बीच शहर की छवि बनती है। इसे ध्यान में रखकर बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन के पास एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। इसी प्रकार स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये अच्छी तैयारी करनी है, इसके लिये प्रतिदिन सडकों में झाडू लगाने, नाली की सफाई करने, कचरा नियमित रूप से उठाने समय समय पर बडे नालों की सफाई का कार्य करना है। पानी जमाव की स्थिति को कच्ची नाली खोद कर निकालना है। बडे नालियों में जाली लगवाना है, ताकि झिल्ली, पन्नी कचरा रूक जाये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कई वार्डो में शिकायत रहती है कि हाजरी रजिस्टर में हाजरी के उपरांत कई कर्मचारी कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं रहते तथा कई कर्मचारी के स्थान पर अन्य कर्मचारी काम करने की शिकायत प्राप्त होती है। इस प्रकार की शिकायत भविष्य में न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। बिना कारण लंबे समय तक कर्मचारी अनुपस्थित न रहे। उन्होंने कहा कि रोड की सफाई के दौरान कचरा किनारे छोड देते है, ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिये, सफाई कर कचरा तत्काल उठावे, डिवाईडर के किनारे से कचरा उठावे, झाडू लगाने के दौरान सार्वजनिक चबूतरा आदि की सफाई करे। किनारे उगे कटिली झाडिया व घास को भी साफकरना है, क्योकि शहर को साफ रखना हमारा मूल काम है। रोड में कचरा डालने व नालियों में कचरा डालते दिखे तो तत्काल कार्यवाही करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने पालिथीन मुक्ति के लिये कहा कि प्रतिदिन झिल्ली पन्नी उठाने की कार्यवाही करे और नागरिकों एवं व्यपारियों को पालिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाईस दे और डस्टबिन का उपयोग कर कचरा डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डालने भी समझाईस देवें। साथ ही निर्माण कार्य का मलमा या बिल्डिंग मटेरियल रोड में पडे रहने पर संबंधित को हटाने समझाईस दे एवं नियमानुसार राशि वसूल करे। कई लोगों के द्वारा कार्यवाही के दौरान भी मलमा सडक में रखदेते है और जुर्माना दिये है कि बात करते है,उन्हें नोटिस जारी करे, अपालन पर जप्ती की कार्यवाही करे। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे तथा व्यवसायिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में प्रतिदिन साफसफाई करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सार्वजनिक व सुलभ शौचालयों में साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। पानी पर्याप्त मात्रा में रहे, यदि मरम्मत की आवश्यकता हो तो तत्काल में मरम्मत भी कराये। सार्वजनिक स्थल, तालाबो व कुओ के आस पास सफाई रखे, कटीली व अनुपयोगी झाडी को काटना सुनिश्चित करे। निदान 1100 में प्राप्त शिकायतो का निराकरण करे, संबंधित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों को साथ मे लेकर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर बतावे कि आपके समस्या का निराकरण कर दिया गया है, यदि आप अपने राजस्व कर का भुगतान नहीं किये है तो करो का भुगतान कर शहर विकास में सहयोग करे। आयुक्त ने वार्ड प्रभारी व सफाई दरोगा की समस्या से अवगत हुये, वार्ड प्रभारियों ने कहा कि सेवानिवृत्त एवं मृत्यु होने से वार्डो में सफाई कर्मी की कमी के कारण सफाई प्रभावित होती है, इसी प्रकार उन्होंने कहा कि नाली के उपर प्लेटफाम बनने के कारण भी सफाई नहीं होती। आयुक्त ने कहा कि कर्मचारियों की कमी का निराकरण किया जायेगा, इसके अलावा उन्होंन कहा कि नाली के उपर प्लटफाम बनाने वालो को प्लेटफाम तोडने समझाईस देवे, नोटिस जारी करे। उन्होंने कहा कि कुछ वार्डो में सफाई व्यवस्था अच्छी है इसी प्रकार पूरे शहर में सफाई दुरूस्त होनी चाहिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कलेक्टर महोदय द्वारा भी सफाई का निरीक्षण कर मुझे समस्या से अवगत कराते है, कलेक्टर सर की मंशा है कि हमारा शहर आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश दिये। हर वर्ग के लोगों तक स्वच्छता का संदेश पहुचाने कहा तथा स्वच्छता संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करे। झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, गंदगी नहीं फैलाने लोगो एवं व्यपारियों को समझाईस देवे। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, प्र. स्वच्छता निरीक्षक श्री पवन कुर्रे, पीआईयू श्री देवेश साहू सहित वार्ड प्रभारी व सफाई दरोगा उपस्थित थे।

## पारीखुर्द मंडई आज

**भरेंगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पारीखुर्द में 15 जनवरी को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायिका छाया चंद्रकार कृत च्लोकछायाच्च् सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में सफल बनाने हेतु सरपंच बुद्धेश्वर साहू ने समस्त ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा की अध्यक्षता में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव तैयारियों पर अहम चर्चा

**धमतरी ( नांदगांव टाइम्स )।** आज धमतरी जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं धमतरी जिला संगठन प्रभारी श्री नीलू शर्मा जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती, और जनसंपर्क अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए। श्री शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को जनता से सीधे संवाद स्थापित कर भाजपा के विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से जनता की भलाई और समर्पित सेवा के लिए कार्य करती आई है। आगामी चुनावों में पार्टी को भारी जनसमर्थन मिलने का विश्वास जताते हुए उन्होंने संगठन के सभी सदस्यों से एकजुट होकर काम करने की अपील की। बैठक में धमतरी जिले के वरिष्ठ नेता, मंडल अध्यक्ष, और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए।



## गौरव दिवस अभियान हेतु निम्न तैयारियो पर विचार विमर्श

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज भारतीय जनता पार्टी मंडल लाल बहादुर नगर मे भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी के निर्देशानुसार भारतीय संविधान गौरव दिवस अभियान हेतु निम्न तैयारियो पर विचार विमर्श किया गया। जिसमे भारतीय संविधान गौरव दिवस मानने व बूथ कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम मे मुख्यरूप से चुनाव प्रभारी सुनील जैन, महेंद्र अग्रवाल, किरण साहू, बोधीराम साहू, मनोज कांडे, राजेन्द्र तिवारी, गिरवर साहू, रामाधीन देवागन, वेदराम ताम्रकार,देवेन्द्र साहू, वर्षा गेड़ाम, शत्रुहन वर्मा, अशोक वर्मा,भोजराज वर्मा,देवेन्द्र यादव,कोमल साहू,अमर साहू, संदीप गेड़ाम, उपकार सिंह बघेल, राकेश साहू, हेमलाल वर्मा, जीवन लाल साहू, रेखराम यादव, हरिराम साहू, रामजी चद्रवंशी,पीताम्बर सिन्हा,नोबल साहू, शिव बल्हारे, टेकचंद अग्रवाल,पवन यदु,प्रमोद वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ट कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



## जिला पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रथम बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष इंजीज़ जी आर देवांगन ने प्रथम बैठक जिला पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर राजनांदगांव में 13 जनवरी को आहूत किया। विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ सभा प्रारंभ गई। मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष डॉक्टर के एल टांडेकर, महामंत्री इंजीज़ केपी सिंह, संरक्षक श्री डीएन साहू, मोहला मानपुर चौकी जिला के अध्यक्ष श्री पूर्णानंद नेताम तथा प्रांत, जिला एवं तहसील के पदाधिकारी व सदस्यगण की अधिकाधिक गरिमामय उपस्थिति ने संगठन को उत्साहित किया। सभा में वक्ताओं ने पेंशनरों की समस्या विशेष कर धारा 49 (6) को लेकर रही, जिसमें मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सहमति की बाध्यता समाप्त करने एवं स्वतंत्र रूप से छत्तीसगढ़ शासन को पेंशनर्स की हित में निर्णय लेने की स्वीकार्यता स्थापित करना है। इस सभा के प्रथम बैठक में नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष ने जिला समिति के संचालन के लिए जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसे हर्ष ध्वनि से उपस्थित पेंशनर साथियों ने स्वागत किया। सभी तहसील अध्यक्ष कार्यकारिणी के अंग माने गए। राजनांदगांव नगर से श्रीबीटी वाल्दे, राजनांदगांव ग्रामीण श्री जीएल सोनबोईर, डोंगरगांव श्री महेश अत्री, डोंगरगढ़ श्री हंसराज साहू, कुमर्दा प्रतिनिधि श्री रामेश्वर कोसमा, श्री के आर साहू छुरिया आदि ने अपने अपने उद्बोधन में तहसील से संबंधित संगठन्नात्मक विचार एवं कार्यक्रम से सभा को अवगत कराया। आज बारह नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण किए, जिन्हें संगठन की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंटकर पुष्पहार से सम्मानित किए।



## वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान सड़क में गंदगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं निगम सीमांतर्गत संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुये होटलों,खोमचे,फल व सब्जी दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण,सड़े गले खाद्य पदार्थो को नष्ट करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पर कार्यवाही करने एवं भवनों की जॉच हेतु टीम गठित की गयी है। उक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर साफ सफाई के अभाव व प्रतिबंधित प्लांस्टिक का उपयोग करने पर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के तहत सिंधु भवन मे आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान सडक में गंदगी फैलाये पर 01 हजार रूपये भवन से अर्थ दण्ड वसूली की गयी। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा डेयरी,फल-सब्जी, होटलों,भवनों आदि की निरंतर जॉच कर साफसफाई लाईसेंस आदि के अभाव तथा प्रतिबंधित प्लांस्टिक के उपयोग पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही डेंगु मलेरिया जैसे संक्रामक बिमारी से बचाव के लिये टीम द्वारा सडकों मोहल्लों व घरों के आस पास गंदगी फैलाने, मलमा रखने वालों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में टीम द्वारा आज सिंधु भवन लालबाग में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के बरात के दौरान सडक में कतरन पन्नी फैलाये जाने पर भवन से 01 हजार रूपये जुर्माना वसूल कर भविष्य में गंदगी न करने समझाईस दी गई। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अमला से कहा है कि वैवाहिक एवं सार्वजनिक भवन आदि की समय समय पर निरीक्षण करे।



# कलेक्टर ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों की ली बैठक

## निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के दिए निर्देश, भूमिगत जल का उपयोग पेयजल के लिए सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के सभी विकासखंडों में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन अंतर्गत जल स्त्रोत विहीन ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन की कार्ययोजना तैयार करने के लिए आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना ग्रामीणों की जरूरत और उपयोग के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब या जलाशयों का गहरीकरण, चेक डेम, नाला बंधान के मरम्मत कार्य तकनीकी रूप से होना चाहिए। इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे स्ट्रक्चर ऐसा तैयार करें जिससे जल का भराव अधिक हो और वाटर रिचार्जिंग भी होना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए। इससे ग्रामीणों को फायदा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेसिंग सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण करते समय विशेष ध्यान देते हुए निर्माण करने के निर्देश दिए, जिससे वहां पानी का ठहराव नहीं हो। सड़क किनारे बने रिचार्ज स्ट्रक्चर में वाटर रिचार्ज हो सके। उन्होंने सड़क किनारे वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भूमिगत जल को सिर्फ पेयजल के लिए उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्त्रोत विहीन और संभावित जल समस्या वाले ग्रामों में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को मजबूत बनाना होगा और लोगों को इसके लिए ग्रामीणों जागरूक करना होगा। जल समस्या समाधान शिविर, जल संगोष्ठी, फसल चक्र परिवर्तन एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को भू-जल स्तर लगातार नीचे जाने से होने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी देने कहा। उन्होंने गांव का पानी गांव में रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार करने कहा। जिससे गांव में जल स्तर अच्छा रहे। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत तालाब एवं जलाशयों के गहरीकरण के कार्य की महत्ता के संबंध में अच्छे से जानकारी दें। इससे पानी अधिक भराव होगा और गांव में पेयजल, निस्तारी के लिए पानी की समस्या से निजात मिल सकती है। उन्होंने तालाब किनारे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को अंधाधुंध भू-जल पानी के उपयोग से होनी वाली समस्याओं के बारे में जानकारी देने कहा। उन्होंने कम पानी उपयोग वाली फसलों को लगाने के लिए ग्रामीणों जागरूक करने कहा। ग्रामीणों को कुंआ और डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने कहा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस श्री ईशु अग्रवाल, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वरलाल पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता श्री समीर शर्मा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री निलेश रामटेके सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# 16 जनवरी तक इन राशियों पर बरसेगी चंद्र देव की कृपा, धन-संपत्ति में होगी वृद्धि




ज्योतिषीय गणना के अनुसार 18 जनवरी के दिन मन के कारक चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। 18 जनवरी को चंद्र देव सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में गोचर करेंगे। कन्या राशि के स्वामी ग्रहों के राजकुमार बुध देव हैं और आराध्य भगवान गणेश हैं। भगवान गणेश की पूजा करने से कुंडली में बुध मजबूत होता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 14 जनवरी के दिन मन के कारक चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है। साथ ही मानसिक तनाव से निजात मिलेगी। इसके अलावा, शुभ कामों में भी सफलता मिलेगी। ज्योतिषियों की मानें तो मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव एवं चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य और चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**चंद्र राशि परिवर्तन**- चंद्र देव 14 जनवरी को सुबह 04 बजकर 19 मिनट पर कर्क राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में चंद्र देव दो दिनों तक रहेंगे। इसके बाद चंद्र देव सिंह राशि में गोचर करेंगे। कर्क राशि के स्वामी चंद्र देव हैं और आराध्य देवों के देव महादेव हैं।

**इन राशियों को होगा लाभ**

चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से मिथुन और कन्या राशि के जातकों को लाभ होगा। इन दोनों राशियों पर चंद्र देव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से मानसिक तनाव से निजात मिलेगी। साथ ही शुभ कामों में सफलता मिलेगी। कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। आसान शब्दों में कहें तो खुशी आपके घर दस्तक दे सकती है। बड़े भाई-बहन से प्यार और स्नेह मिलेगा। धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। आमदनी में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में भी तेजी देखने को मिल सकती है। कोई पुरानी मनोकामना पूरी होगी। चावल, सफेद तिल, गुड़, चीनी और दूध का दान करें। सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने से मेष और सिंह राशि के जातकों को लाभ मिल सकता है। इन दोनों राशि के जातकों को करियर में सफलता मिल सकती है। जॉब के लिए प्रयासरत लोगों को सफलता मिल सकती है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बिगड़ी सेहत में सुधार होगा। प्रियजन से कोई उपहार मिल सकता है। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। मकर संक्रांति के दिन गुड़, मूंगफली, चिक्की, शहद, काले तिल आदि चीजों का दान अवश्य ही करें।

## इस मूलांक के लोग होते हैं बुद्धिमान व साहसी, चुनौती का सामना कर कमाते हैं जमकर पैसा

अंक ज्योतिष में मूलांक 5 का संबंध बुध ग्रह से है, जो ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक है। अगर किसी का जन्म 5, 14 या 23 तारीख को हुआ है, तो उनका मूलांक 5 है। इस मूलांक से जुड़े व्यक्तित्व के लक्षण और विशेषताएं बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, जिनके बारे में इस आर्टिकल में बताया है। अंक ज्योतिष में मूलांक के जरिए व्यक्ति के व्यक्तित्व के बारे में खास जानकारी दी जाती हैं। ऐसे ही मूलांक 5 के बारे में भी अंक ज्योतिष में कुछ बातें बताई गई हैं, जो बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। आप का अगर जन्मदिन किसी भी माह की 5, 14 या 23 तारीख को पड़ता है, तो आपका मूलांक 5 है। मूलांक 5 का बुध ग्रह से संबंध है, क्योंकि वह इसके स्वामी हैं। बुध ग्रह ज्ञान और बुद्धि के प्रतीक होते हैं। ऐसे में इनकी बुद्धि बहुत तेज होती है। इस मूलांक से जुड़ी बातें हम इस आर्टिकल में विस्तार से बताएंगे... अंक ज्योतिष की मानें तो मूलांक 5 के लोग हर चुनौती का सामना करने को तैयार रहते हैं। ऐसे में यह साहसी होते हैं। अपने साहस की दम पर यह कर्म करते हैं, जिससे चुनौतियों का सामना कर सफलता के साथ कर पाते हैं। यह लोग नई-नई योजना पर काम करते हैं। सफल न होने तक रुकते नहीं हैं। यही इनको दूसरों से अलग बनाता है। यह नौकरियों में फिट नहीं बैठ पाते हैं। व्यापार में इनको लाभ मिलता है। यह परिस्थितियों के अनुसार चलने का दम रखते हैं। यही बात इनके व्यक्तित्व को मजबूत बनाती है। मूलांक 5 के लोग पैसा बहुत कमाते हैं। इनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। इसकी वजह इनका तेज दिमाग होता है। अपनी बुद्धि के दम पर हर क्षेत्र में झंडे गाड़ देते हैं। यह व्यापार में अधिक सफलता प्राप्त करते हैं। इसके अलावा ये अच्छे वकील, अधिकारी, टीचर, पत्रकार, डॉक्टर, मैनेजर, जज और नेता बनकर सकते हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# सर्वे के दौरान गरीब एवं जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए दिलाए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ - कलेक्टर

## 31 जनवरी तक होगी धान खरीदी, धान उपार्जन केन्द्रों में भौतिक सत्यापन के कार्य में नहीं होना चाहिए कोई लापरवाही, साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, छांव के साथ ही मतदान कर्मियों के रूकने की व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। 31 जनवरी धान खरीदी का अंतिम दिन है। नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में स्टैक की अच्छी तरह गिनती करें तथा भौतिक सत्यापन के कार्य में कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोचिया, बिचौलिया द्वारा अवैध धान की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के लिए पंजीयन करते समय गरीब एवं जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए पंजीयन करें। सर्वे के दौरान उनका नाम नहीं छूटना चाहिए। ऐसे जरूरतमंद जो पात्रता की श्रेणी में आते है, उन्हें अनिवार्यत: लाभान्वित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रेत, छड़, सीमेंट सहित अन्य आवास निर्माण के लिए सामग्री में विशेष छूट के लिए चेम्बर ऑफ कामर्स राजनांदगांव से सहमति बनी है। कलेक्टर ने एचएमपीवी वायरस की रोकथाम एवं इससे सावधानी बरतने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है, इससे सभी आवश्यक सावधानी बरते। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के चौक-चौराहों में शासन की योजनाओं की जानकारी तथा विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता से संबंधित विडियो दिखाए जा सकते है। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यह जरूरी है कि सभी हेलमेट पहनें तथा सीट बेल्ट बांधे। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के दौरान कही।



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि स्कूल के आस-पास नशीले पदार्थों के अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में चला जाए तो नशे की आदत से वापस आना दुष्कर होता है। युवाओं को इस लत से दूर रखना है, इसके लिए जिले में दो पुनर्वास केन्द्र हैं, ऐसे युवाओं को चिन्हांकित कर उन्हें नशे की लत को दूर करते हुए समाज की मुख्य धारा में लाना है। उन्होंने कहा कि साईबर क्राईम में आम जनता न फंसे, इसके लिए सजग रहना चाहिए। साईबर क्राईम के लिए स्कूल स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से जागरूकता से संबंधित नशे से दूर रहने, साइबर क्राईम, सड़क दुर्घटना से बचाव के उपाय, कैरियर गाइडेंस एवं अन्य शार्ट वीडियो के माध्यम से जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने गर्मी के मौसम में पेयजल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की टंकी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराएं। नगरीय निकाय में पेयजल की व्यवस्था, सफाई की व्यवस्था, तालाब सफाई, वेतन भुगतान, कार्य की गुणवत्ता, प्रापर्टी टेक्स वसूली, सड़क का डामरीकरण, कचरे के ढेर का निपटान तथा बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 वर्षों में पौधरोपण के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है, तब जाकर तापमान पर नियंत्रण कर सकेंगे। पौधरोपण के साथ ही उनके संरक्षण एवं संवर्धन की जरूरत है। सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों में पौधरोपण का भी प्रावधान होना चाहिए। कलेक्टर ने अवैध प्लाटिंग पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अव्यवस्थित तरीके से निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए पेंशन, छात्रवृत्ति योजना, ट्रायसाईकिल, प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों का पृथक राशन कार्ड होना चाहिए। कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदना योजना, पोट्ठ लईका अभियान, अनुकंपा नियुक्ति की कार्रवाई, राजस्व शिविर, घुमंतू मवेशियों, मनरेगा, प्रधानमंत्री वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एवं राष्ट्रीय फायलेरिया कार्य की समीक्षा की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि घुमंतू पशुओं के नियंत्रण के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अंजोरा, मनकी, भानपुरी में पशु आश्रय स्थल बनाने के कार्य में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पशुओं को चारे की उपलब्धता के लिए पैरादान के लिए अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब एवं जरूरतमंदों के सर्वे के लिए विशेष तौर पर कार्य किए जा रहे है। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस श्री इशु अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आल इंडिया व्हालीबाल प्रतियोगिता,किरनापुर में प्रथम मैच केरल ने हैदराबाद को हराया

## किरनापुर में चल रही तीन दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में केरल ने हैदराबाद को दोनों सेटों पराजित किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज के उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि एसडीएम श्री चौरसिया, बिजली विभाग के ई,ई.साहब श्री मार्को जी,वन विभाग के अधिकारी की प्रमुख उपस्थित में हुआ। सूर्योदय स्पोर्टिंग क्लब किरनापुर द्वारा आल इंडिया व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन विगत 21-22वर्षों से ही हो रहा है।इस वर्ष सूर्योदय स्पोर्टिंग क्लब किरनापुर के अध्यक्ष श्री समद ताजर के देहावसान हो जाने से उनकी स्मृति में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष श्री नन्हे बहेकार, कमेटी के पदाधिकारी श्री मुकेश चौहान, संजय चौधरी, कमलेश चौधरी,जे.पी.रामटेके सरपंच प्रतिनिधि,डी.डी.मेश्राम, योगेन्द्र सुनेरी, पत्रकार श्री राकेश बोरकर, श्री चौहान जी, श्री भुवन भाऊ राहंगडाले, अन्य सूर्योदय स्पोर्टिंग क्लब के सदस्यों सहित किरनापुर के यशश्वी सामाजिक कार्यकर्ता श्री मंगल रैकवार जी के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न किया जाता है। प्रथम दिन अपना विशेष समय निकाल कर लांजी, किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के लाड़ले विधायक श्री राजकुमार कर्राहे जी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नरेन्द्र कुमार शुक्ल, किरनापुर, बालाघाट, मध्यप्रदेश से।



# भोजवानी साहू के अगवाई में व्यवसायिक परिसर 30 दुकान का हुआ भूमि पूजन



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 और वार्ड क्रमांक 15 खूटाछुरिया मे नगर पंचायत के सामने व्यावसायिक परिसर हेतु 30 दुकान का भूमि पूजन भोजवानी साहू के अगवाई में 13 जनवरी को किया गया। इस परिसर का मुखिया भोजवानी साहू रहे ।वार्ड क्रमांक 14 और वार्ड क्रमांक 15 के वार्डवासियों ने भोजवानी साहू को परिसर का डायरेक्टर बनाया गया । गांव के वरिष्ठ दयाराम साहू, मदन मंडावी , मोतीराम मंडावी,मंगल मंडावी, चिंता राम साहू, जोतराम यादव ,मिलन, पंचू ,भूषण नेताम ,तुकाराम मंडावी,राजू यादव, रामदयाल साहू, भागवत साहू ,सुमन यादव , लखनू बैगा,ज्ञान मंडावी ,जागेश्वर साहू, दुखवा मंडावी, ठगेश साहू, रमेश साहू ,जयकुमार साहू खोरबहरा साहू, संतोष साहू ,राजेश पटौदी सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भोजवानी साहू ने बताया कि युवाओं को रोजगार दिलाने और वार्ड का विकास के लिए पूर्वजों द्वारा खरीदी गई निजी जमीन में व्यावसायिक परिसर और मैरिज ब्यूरो हाल का वार्डवासियों के सहयोग से निर्माण कार्य होगा तथा वार्ड के लोगों को दुकान के लिए एक लाख पगड़ी देना होगा ।यह पगड़ी की राशि किस्तों में देय होगा और 2 साल का किराया फ्री रहेगा 25 वा महीने से किराया शुरू होगा वहीं अन्य लोगों के लिए पगड़ी की राशि दो लाख होगी तथा उनसे भी 2 साल तक किराया नहीं लिया जाएगा ।2 वर्ष के बाद प्रति माह किराया लिया जाएगा। नगर के खुटा छुरिया के वार्डवासियों ने बताया कि भोजवानी साहू जब वार्ड के लिए इतना कुछ कर सकते हैं तो पूरे नगर के लिए और क्या नहीं कर सकेंगे ।भोजवानी साहू को नगर अध्यक्ष का कमान सौंपने से पूरे छुरिया नगर में विकास की गाथा लिखा जाएगा और विकसित नगर के रूप में इसकी पहचान होगी।



**भोजवानी साहू उभरते सितारे**

बता दे की एक मध्यम परिवार का लड़का एक छोटा सा ऑनलाइन सेंटर खोलकर लोगों के दिल में कब जगह बना लिए पता नहीं चला आज पूरा छुरिया नगर के महिला ,पुरुष, बच्चे, बूढ़े सब भोजवानी साहू को जानते हैं और उनके जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हैं ।नगर में निशुल्क महिला समूह का रजिस्ट्रेशन, संगठित व असंगठित श्रमिकों का पंजीयन ,आधार कार्ड, पैन कार्ड ,ड्राइविंग लाइसेंस व सड़क सुरक्षा हेतु फ्री में हेलमेट का वितरण तो क्रिकेट के खेल प्रतियोगिता में इनामो का घोषणा तो वहीं सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा जी के कार्यक्रम हालेकोसा मे 4 जनवरी से 10जनवरी तक फ्री में छुरिया से हालेकोसा तक सवारी गाड़ी चलवाकर जनसेवा किया गया।यह सब भोजवानी साहू के जज्बा को दर्शाता है की नगर के लोगों के प्रति कितना लगाव है। भोजवानी साहू के इन्हीं जनहितेशी कामों को देखते हुए नगर के लोगों ने श्री साहू को नगर अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने के लिए राष्ट्रीय दल से टिकट मांगने का मनसा जाहिर किया है।

# प्रेस सदन का उद्घाटन आज

**सांसद संतोष पाण्डेय और विधायक दलेश्वर साहू आएंगे**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के पत्रकारों द्वारा प्रेस क्लब का गठन कर क्लब हेतु भवन की मांग शासन प्रशासन से गई थी और क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास किया गया। अंतत: पत्रकारों का प्रयास रंग लाया और शासन द्वारा स्थानीय करियाटोला स्थित कृष्ण कुंज के समीप जीर्ण शीर्ण अवस्था में रहे एक भवन को प्रेस क्लब को सौंपा गया। जिसका मरम्मत के साथ रंगरोगन कर प्रेस सदन का स्वरूप प्रदान किया गया। उक्त प्रेस सदन का विधिवत उद्घाटन एक गरिमामय समारोह में बुधवार 15 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे आयोजित किया गया है। जिसके मुख्यअतिथि सांसद संतोष पाण्डेय होंगे। अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू करेंगे। बतौर विशिष्ट अतिथि दिनेश गांधी, भरत वर्मा, प्रेस क्लब राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, चेतन साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, टिकेश साहू, हीरा निषाद, रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल तथा सुयश नाहटा उपस्थित रहेंगे। प्रेस क्लब के सदस्यों ने अंचल के समस्त जनप्रतिनिधियों, नगर के प्रबुद्धजनों, विभिन्न समाज के पदाधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

# 23 नग देशी प्लेन शराब के साथ खुज्जी के शिवनदी के पास कर रहा था अवैध शराब बिक्री

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में फिर एक बार अवैध शराब के खिलाफ एक धर पकड़ अभियान शुरुआत किया गया है थाना प्रभारी अविनाश श्रीवास ने बताया है कि 12.दिसंबर को खुज्जी शिवनाथ पुल के पास देशी शराब की अवैध बिक्री एवं तस्करी पर रेड की कार्यवाही में आरोपी ईश्वर सिन्हा पिता नारायणलाल सिन्हा , - ग्राम खुज्जी , के खिलाफ धारा- 34(1) ख आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी के कब्जे से 23 पौवा प्लेन देशी मदिरा (शोले ब्रांड का ) जप्त कर कार्यवाही की गई है।



# एम. ए. कैपिटल मैनेजमेंट नमक वित्तीय सेवा प्रदायी संस्था का उद्घाटन



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पिछले दिनों दिनांक 12 जनवरी 2025 को राजनांदगांव में एम. ए. कैपिटल मैनेजमेंट नमक वित्तीय सेवा प्रदायी संस्था का उद्घाटन हुआ । इस संस्था का प्रमुख कार्य जीवन बीमा, म्युचुअल फंड, सभी तरह के लोन एवं पोस्टल सेविंग्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट और ग्राहकों की जरूरत अनुरूप सेवा प्रदान करना है । इस कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद एवं वर्तमान में भाजपा के छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष माननीय श्री मधुसूदन यादव जी के द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के अलावा सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित हुए । इस कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं द्वारा जीवन बीमा एवं म्युचुअल फंड जैसे अति विशिष्ट वित्तीय योजनाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया । इस संस्था के संस्थापक द्वय श्री अमरेंद्र कुमार एवं श्रीमती मधुलता बोरकर ने बताया कि आम एवं खास सभी वर्गों को उनकी जरूरत का अनुरूप वित्तीय सलाह, समाधान और विशेषज्ञता पूर्ण सेवा प्रदान करना और लोगों में संस्था के प्रति विश्वसनीयता कायम करना हमारी प्राथमिकता है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के अलावा मुख्य अतिथि एवं उद्घाटन कर्ता के अलावा डॉक्टर उपेंद्र शाह, शिक्षक नेता राहुल देव रामटेके, पूर्व बी आर सी के. डी. साहू, विजय ठाकुर, बी . एन. आई. बेंचमार्क चैप्टर के अध्यक्ष श्री आशीष शर्मा, श्री जयप्रकाश शर्मा सहित शहर के अति प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे।



# समग्र विकास के लिए महिला शिक्षा जरूरी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केन्द्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पी.एम. उषा) के तहत लिंग समावेशन और समानता पहल 2023-2026 के अंतर्गत नोडल केन्द्र शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के अनुसार शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में महिला विकास कार्यक्रम पर पांच दिवसीय कार्यशाला में 06 जनवरी 2025 से 10 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में चतुर्थ दिवस डॉ. वर्षा नागवंशी शासकीय आयुष संस्थान डोंगरगांव ने बताया कि आजकल स्वस्थ जीवन के लिए समय पर खानपान बहुत जरूरी है,समय पर खानपान न होने से बहुत सारी बीमारियों का सामना करना पड़ता है द्य कार्यशाला के अंतिम दिवस में गणेश कुमार नेताम ने समग्र विकास में महिला शिक्षा की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम संचालक अतिथि शिक्षक खोमूदास हिरवानी एवं आशा साहू एवं महाविद्यालय के 106 छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया जिसमें समान्य वर्ग से 02, अन्य पिछड़ा वर्ग से 69, अनुसूचित जाति से 08 अनुसूचित जनजाति से 27 विद्यार्थी सम्मिलित थे।

# महिलाओं के वैधानिक अधिकार पर जागरूकता कार्यशाला

## प्रथम दिवस घरेलू हिंसा अधिनियम 2013 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में पीएम उषा योजना अंतर्गत महिलाओं को प्रदत वैधानिक अधिकारों पर 5 दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस घरेलू हिंसा अधिनियम 2013 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश चंदेल व्याख्यान हेतु उपस्थित थे। कार्यशाला का आरंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने कार्यशाला के प्रमुख वक्ता अधिवक्ता राजेश चंदेल के स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में शासन द्वारा महिलाओं को प्रदश्र कानूनी अधिकारों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक हो सकें। कार्यशाला में उपस्थित अधिवक्ता श्री राजेश चंदेल ने छात्राओ को संबोधित करते हुए बताया कि संविधान में प्रावधानित महिलाओं के विभिन्न वैधानिक अधिकारों के संबंध में सभी वर्गो की महिलाओं को सजग रहना आवश्यक है। महिलाओं के लिए जो भी कानून जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम 2013 के अंतर्गत महिलाओं को शारीरिक, मानसिक एवं वित्तीय प्रताड़ना आदि सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त श्री चंदेल द्वारा महिलाओं के अन्य वैधानिक अधिकारों पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में पीएम उषा के संयोजक डॉ.आर.आर.कोचे ने उपस्थित वक्ता अधिवक्ता राजेश चंदेल को धन्यवाद ज्ञापित कर बताया कि भारतीय संस्कृति में परिवार एक संस्था के समान है और कोई भी संस्था का संचालन आपसी सहयोग, समन्वय एवं सामंजस्य से होता है। इस कार्यशाला का कुशल संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी ने किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के सहा.प्राध्यापक ओ.पी. वर्मा सहयोगी के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यशाला से महाविद्यालय की लगभग 70 से अधिक छात्राएं लाभांवित हुई।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com